अमर उजाला

Date-29.04.2026

विद्यार्थियों को मिला इंडस्ट्री एक्सपोजर

सीआरएसयू में इंटर्नशिप ड्राइव कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी। स्रोत : सीआरएसयू

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग की ओर से बीबीए और एमबीए विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को मीडिया व मार्केटिंग क्षेत्र में कॅरियर संभावनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. अजमेर सिंह और कोऑर्डिनेटर डॉ. अरुण यादव के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. राम पाल सैनी ने कहा कि आज के समय में शिक्षा के साथ व्यावहारिक कौशल और इंडस्ट्री एक्सपोजर जरूरी है। विश्वविद्यालय ने कई कंपनियों के साथ एमओयू कर विद्यार्थियों को इंटर्नशिप और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं। डॉ. अजमेर सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को उद्योग की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप तैयार करते हैं। ड्राइव के दौरान मनदीप, भावना, अंकुश, आरती, मनीषा और मोनिका का चयन किया गया। संवाद

Date-29.04.2026

शिक्षा के साथ रोजगारपरक कौशल जरूरी : रामपाल सैनी

जींद, 28 अप्रैल (हप्र)

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग द्वारा बीबीए और एमबीए विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप के डिप्टी चीफ मैनेजर राकेश सुखीजा ने विशेष रूप से भाग लिया और विद्यार्थियों को मीडिया व मार्केटिंग क्षेत्र में करियर संभावनाओं की जानकारी दी।

सीआरएसयू जींद में इंटर्नशिप ड्राइव के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते अधिकारी। -हप्र

कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. अजमेर सिंह और कोऑर्डिनेटर डॉ. अरुण यादव के मार्गदर्शन में किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को कॉरपोरेट जगत की कार्यप्रणाली से परिचित कराना, उनकी व्यावसायिक समझ विकसित करना और बेहतर प्लेसमेंट अवसर उपलब्ध कराना रहा।

कुलपति प्रो. रामपाल सैनी ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में शिक्षा के साथ रोजगारपरक कौशल आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक अनुभव और इंडस्ट्री एक्सपोजर भी दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय ने कई मल्टीनेशनल कंपनियों के साथ एमओयू किए हैं, जिससे विद्यार्थियों को इंटर्नशिप और रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। राकेश सुखीजा ने टाइम्स ऑफ इंडिया समूह के समर इंटर्नशिप प्रोग्राम की जानकारी देते हुए बताया कि एमबीए छात्रों को सेल्स और मार्केटिंग क्षेत्र में वास्तविक कार्य अनुभव मिलेगा। चयनित मैनेजमेंट ट्रेनी को प्रारंभिक प्रशिक्षण के बाद ट्राइसिटी (चंडीगढ़, पंचकूला, मोहाली) और लुधियाना में सर्वे कार्य तथा सब्सक्रिप्शन बढ़ाने की जिम्मेदारी दी जाएगी।

डॉ. अजमेर सिंह ने कहा कि प्रबंधन शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग की वास्तविक जरूरतों के अनुसार तैयार करना है।